4. In addition to above, the copy of PAN Card, Address Proof and Identity Proof, E-mail ID, Mobile Number, in case of the company, copy of board resolution passed by the Board of Directors of the company or any other document confirming representation/attorney of the company and the Receipt/Courier File of such deposit should reach to the said service provider through e-auction website by uploading soft copies on or before till **05:00 PM on 05/10/2026** and also hard copies alongwith EMDs deposit receipts should reach at the **Office of Recovery Officer-II, DRT-I, Delhi by 05/10/2026.** It is also held that earnest money of unsuccessful bidders shall be returned back in the respective accounts of such bidders through the same mode of payment.
5. Prospective bidder may avail online training from service provider:

Name of Auction Agency	**Bank Asset Auction Network (BAANKNET)**
Contact Person	**Mr. Kashyap Patel (Authorised Officer of Baanknet) +91-9327493060; Mr. Uday Jadhav - 9820878255**
Helpline Nos.	**8291220220**
Helpline Email Address	**Support.BAANKNET@psballiance.com ;**
Bank Officer	**MR. NARAYAN LAL (Chief Manager) (M) 7014949810, 011-49498260 E-mail: newamb@uco.bank.in**

6. Prospective bidders are advised to visit **website https://baanknet.com** for detailed terms & conditions and procedure of sale before submitting their bids.
7. The property shall not be sold below the Reserve Price.
8. The property shall be sold in 02 lot, with **Reserve Price as mentioned above lot.**
9. The bidder shall improve offer in multiples of **Rs.25,000/-** during entire auction period.
10. The property shall be sold **"AS IS WHERE BASIS"** and shall be subject to other terms and conditions as published on the official website of the e-auction agency.
11. The highest bidder shall have to deposit 25% of his final bid amount after adjustment of EMD already paid in Wallet Bank Asset Auction Network **(BAANKNET) https://baanknet.com** by immediate next bank working day by 4:00 PM through Demand Draft/Pay Order favouring **Recovery Officer, DRT-I, Delhi A/C. TRC/237/2022.**
12. **The successful bidder/auction purchaser shall deposit the balance 75% of sale consideration amount on or before 15th day from the date of sale of the property. If the 15th day is Sunday or other Holiday, then on immediate first bank working day through Demand Draft/Pay Order favouring Recovery Officer, DRT-I, Delhi A/C. TRC/237/2022. In addition to above, the purchaser shall also deposit poundage fee @1% on total sale consideration money (plus Rs.10) through DD in favour of The Registrar, DRT-I, Delhi. The DD prepared towards poundage's fees shall be submitted directly with the Office of Recovery Officer, DRT-I, Delhi.**
13. In case of default of payment within the prescribed period, the deposit, after deduction the expenses of the sale, may, if the undersigned thinks fit, be forfeited to the Government Account and the defaulting purchaser shall forfeit all claims to the property or the amount deposited. The property shall be resold forthwith, after the issue of fresh proclamation of sale. Further the purchaser shall also be liable to make good of any shortfall or difference between his final bid amount and the price for which it is subsequently sold.
14. Schedule of Auction is as under:

Service of Notice by all modes	**05/09/2026**	
Inspection of Property	**22/09/2026**	**From 1:00 PM to 4:00 PM**
Last Date of Receiving both Physical Bids alongwith Proof of Earnest Money and Uploading Documents of Auction Agency Portal	**05/10/2026**	**Upto 05:00 PM**
Date and Time of E-Auction:	**07/10/2026**	**Between 12:00 Noon to 1:00 PM (With Auto Extension Clause of 5 Minutes, till Auction Completes).**

15. The Recovery Officer has the absolute right to accept or reject any bid or bids or to postpone or cancel the e-auction without assigning any reasons.

Issued under my hand and seal of this Tribunal on this 04/08/2026.

SEAL OF COURT

NIRANJAN SHARMA, RECOVERY OFFICER-II, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-I, DELHI

बारिश के बाद जाम का झाम: दिल्ली से गुरुग्राम तक जलमग्न हुई सड़कें, रेंगते दिखे वाहन; सीएम रेखा ने लिया जायजा

नई दिल्ली/गुरुग्राम/गाजियाबाद । राजधानी दिल्ली और आस पास के इलाकों में भारी बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। कई इलाकों में जलभराव और यातायात जाम की स्थिति देखने को मिली। सबसे ज्यादा असर गुरुग्राम में देखने को मिला। इससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

दिल्ली–एनसीआर में जलभराव, ट्रैफिक की रफ्तार थमी

दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के फ्लाईओवर पर जलभराव हो गया। इसके चलते वाहनों की आवाजाही धीमी पड़ गई। गुरुग्राम में भी तेज बारिश के बाद कई सड़कों पर पानी भर गया। सेक्टर 22 बाजार रोड पर जलभराव की स्थिति गंभीर रही। सोहना रोड पर भी भारी जलभराव देखा गया। थर्टी–सेकंड एवेन्यू रोड के पास भी पानी जमा हो गया। इन क्षेत्रों में सड़कों पर पानी भरने से वाहनों की गति थम गई। कई वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लगा।

बारिश के बाद सीएम रेखा का औचक निरीक्षण

पीटीआई के मुताबिक, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शहर में भारी बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पूर्वी दिल्ली में सद्भावना पार्क के पास के इलाकों का दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जल निकासी प्रणाली की समीक्षा की और बारिश से उत्पन्न चुनौतियों का जायजा लिया।

सीएम रेखा ने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जलभराव वाले क्षेत्रों में तुरंत पंप लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने अन्य आवश्यक संसाधनों को भी तैनात करने को कहा। इसका उद्देश्य जमा हुए पानी को तेजी से निकालना था। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। गुप्ता ने मानसून के दौरान जल निकासी प्रणाली को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी क्षेत्र में जलभराव न हो। मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि सभी संबंधित विभागों को पूरी तैयारी से काम करना चाहिए। उन्हें तत्परता और समन्वय के साथ कार्य करना होगा ताकि दिल्ली के निवासियों को बारिश से असुविधा न हो। गाजियाबाद में शनिवार को बारिश के बाद लाल कुआं से गाजियाबाद की ओर आने वाले मुख्य मार्ग पर जलभराव हो गया। इसके कारण मुख्य मार्ग पर जाम लग गया, जिससे वाहनों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी तरफ बम्हेटा गांव से बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाले अंडर पास में पानी भर गया।

एक नजर

शाहदरा में किशोरी ने की आत्महत्या

नई दिल्ली । पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके में देर से घर लौटने पर परिजनों की डांट से आहत होकर 13 वर्षीय एक किशोरी ने कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मृतका मूल रूप से बिहार के मधुबनी जिले की रहने वाली थी और शाहदरा में अपने परिवार के साथ रहती थी। शनिवार को वह किसी काम से बाहर गई थी और घर देर से लौटी। देर से आने पर परिजनों ने उसे कड़ी डांट लगा दी थी। डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी कमरे में चली गई। कुछ देर बाद जब उसकी बहन कमरे में पहुंची, तो उसने उसे फंदे से लटकते देखा।

बहन के शोर मचाने पर परिजन तुरंत कमरे में पहुंचे और किशोरी को फंदे से नीचे उतारा। इस बीच मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो किशोरी फर्श पर अचेत अवस्था में थी। उसे तत्काल नजदीकी डॉ. हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

गैंगस्टर बिश्नोई की लीगल टीम के सहयोगी रहे दो वकील एक अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में

नई दिल्ली । दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के लीगल टीम के सहयोगी रहे वकील दीपक खत्री और ऋषभ कपूर को एक अक्टूबर तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ड्यूटी जज प्रशांत कुमार ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

दोनों की आज पुलिस हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। दिल्ली पुलिस ने दोनों की 27 दिनों की हिरासत की मांग की थी। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने यूएपीए की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। दोनों पर हथियारों की सप्लाई और रंगदारी से जुड़े आरोप हैं। दोनों आरोपितों को तीन दिन की पुलिस हिरासत पूरी होने के बाद अदालत में पेश किया गया था। आज पेशी के दौरान पुलिस ने कहा कि दोनों के खिलाफ जांच अभी जारी है और इस दौरान आरोपितों को हिरासत में रखना जरूरी है।

दिल्ली पुलिस ने दीपक खत्री को 25 अगस्त को दिल्ली में हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने 26 अगस्त को दीपक खत्री को तीन दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा था।

नोएडा प्राधिकरण बोर्ड के बड़े फैसले: किसानों का मुआवजा 53 प्रतिशत बढ़ेगा, फ्लैट रजिस्ट्री में भी आएगी तेजी

नोएडा । नोएडा प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं, जिनका सीधा असर शहर के विकास और निवासियों के जीवन पर पड़ेगा। इन निर्णयों में किसानों के मुआवजे में वृद्धि, नई आवासीय योजनाओं में प्लॉट आवंटन, पुरानी सोसायटियों में फ्लैटों की रजिस्ट्री को सुगम बनाना, और शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में कदम शामिल हैं।

किसानों के लिए यह बैठक एक बड़ी खुशखबरी लेकर आई है। न्यू नोएडा (दादरी–गाजियाबाद–नोएडा इन्वेस्टमेंट रीजन) के फेज 1 और 2 में किसानों को ग्रेटर नोएडा के बराबर मुआवजा दिया जाएगा, साथ ही 6 प्रतिशत प्लॉट भी आवंटित किए जाएंगे। वहीं, फेज 3 और 4 में यमुना प्राधिकरण के बराबर मुआवजा और 7 प्रतिशत प्लॉट किसानों को मिलेंगे। यह निर्णय किसानों के हितों की रक्षा और क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

लंबे समय से जीपीए (जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी) के आधार पर बिके फ्लैटों की रजिस्ट्री को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी। अब प्राधिकरण ने इस मामले में बड़ा फैसला लेते हुए पुरानी सोसायटियों में जीपीए पर बिके फ्लैटों की रजिस्ट्री को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय सेक्टर–21, 25 और अन्य क्षेत्रों में रहने वाले हजारों फ्लैट खरीदारों के लिए राहत लेकर आया है, जिससे उनकी संपत्ति का मालिकाना हक स्पष्ट होगा।

अमिताभकांत समिति की सिफारिशों के तहत लागू की गई जीरो पीरियड पॉलिसी के तहत अब तक 4187 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो चुकी है, जिससे 872 करोड़ रुपये बकाया जमा हुआ है। बोर्ड ने निर्णय लिया है कि अब प्राधिकरण फ्लैटवार रजिस्ट्री की मंजूरी देगा, जो अब तक पूरे बकाया जमा होने पर ही नो ड्यूज सर्टिफिकेट देता था। इस बदलाव से फ्लैट रजिस्ट्री प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है।

पुलिस आयुक्त कार्यालय और प्रशासनिक भवन में विस्तार

शहर के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के उद्देश्य से, सेक्टर–153 में पुलिस आयुक्त के कार्यालय के लिए 13,347 वर्ग मीटर जमीन निशुल्क आवंटित करने की मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण के सेक्टर–96 स्थित प्रशासनिक भवन में अधूरे टावर को 12 मंजिल तक बनाने की भी मंजूरी मिली है, जिससे प्रशासनिक कार्यों के लिए अधिक जगह उपलब्ध होगी।

कान्हा के रंग में रंगा शहर, गूंजे जयकारे

नूंह । जिलेभर में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। नूंह, नगीना, पिनगवां, फिरोजपुर झिरका समेत ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। बारिश की फुहारों के बीच भक्तों ने मंदिरों में पूजा–अर्चना की और देर रात तक भजन–कीर्तन, रासलीला, झांकियों और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

नूंह शहर के श्रीराम मंदिर, कैलाश मंदिर, खाटूश्याम मंदिर, गायत्री मंदिर, भूतेश्वर, शिवद्वेश्वर मंदिर, ओमशांति संस्थान समेत कई मंदिरों को रंग–बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया। मंदिरों में लड्डू गोपाल का विशेष श्रृंगार कर उन्हें पालने में झुलाया गया। श्रीराम मंदिर में ब्रज से आए कलाकारों ने रासलीला का मंचन किया। कई मंदिरों में हांडी फोड़ कार्यक्रम भी आयोजित हुए। रात 12 बजे कृष्ण जन्म के बाद प्रसाद वितरण किया गया। नगीना में प्राचीन शिव मंदिर अस्थल, माता दुर्गा मंदिर पथवारी, शीतला माता मंदिर, बगीची मंदिर, हनुमान मंदिर और सैनी मोहल्ला शिव मंदिर में विशेष आयोजन हुए। मंदिरों में झांकियां सजाई गईं ।

और महाआरती हुई। मध्यरात्रि में कृष्ण जन्म के साथ शंखनाद और जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। बच्चों ने राधा–कृष्ण की वेशभूषा में कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

शिक्षक महाकुंभ में 118 शिक्षकों का किया गया सम्मान, मुख्यमंत्री बोलीं- शिक्षक समाज के निर्माण की मजबूत नींव

नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शिक्षा दिवस पर हाशिक्षक महाकुंभ-स्टेट टीचर्स अवॉर्ड 2026 में 118 शिक्षकों को सम्मानित किया। इनमें 20 हेड ऑफ स्कूल (एचओएस), डीओई एवं एमसीडी विद्यालयों के 69 शिक्षक तथा 3 सीएम श्री स्कूलों के शिक्षक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पुस्तकालयाध्यक्ष, स्पेशल एजुकेटर, खेल शिक्षकों सहित शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

महान शिक्षाविद् व भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती के उपलक्ष्य में त्यागराज स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों के समर्पण, नवाचार और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक अभय वर्मा, नीरज बसोया, चंदन कुमार चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग की निदेशक अंकिता आनंद, कई वरिष्ठ अधिकारी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल शिक्षकों की उपलब्धियों का सम्मान नहीं, बल्कि उस समर्पण, धैर्य और विश्वास का सम्मान है, जिसके माध्यम से शिक्षक हर दिन हमारे बच्चों के भविष्य को आकार देते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की मजबूत नींव हैं। वे केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनमें संस्कार, कौशल, आत्मविश्वास, कर्तव्यबोध और जीवन की सही दिशा का संचार करते हैं। शिक्षक का प्रभाव केवल एक विद्यार्थी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह पूरी पीढ़ी के निर्माण में योगदान देता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का संकल्प है कि दिल्ली के हर बच्चे को ऐसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, जो उसे ज्ञान के साथ कौशल, संस्कार और आत्मविश्वास भी प्रदान करे। इसी प्रतिबद्धता के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026–27 में शिक्षा के लिए 19,148 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। साथ ही तकनीक, स्मार्ट शिक्षण संसाधनों के माध्यम से दिल्ली के विद्यालयों को भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली के विद्यालयों में विद्यार्थियों की भाषा व संवाद क्षमता को मजबूत करने के लिए 170 आधुनिक लैंग्वेज लैब स्थापित की जा रही हैं, जिनमें 70 सीएम श्री स्कूल और 100 अन्य सरकारी विद्यालय शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नींव, राष्ट्रनीति और निपुण संकल्प जैसी पहलों के माध्यम से विद्यार्थियों में उद्यमिता, नवाचार, समस्या समाधान, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक दक्षता को मजबूत किया जा रहा है। दिल्ली सरकार का संकल्प है कि अपने कार्यकाल में विद्यार्थियों और शिक्षकों से जुड़ी किसी भी समस्या को अधूरा नहीं छोड़ा जाएगा। दिल्ली की विभिन्न लंबित समस्याओं और पुरानी व्यवस्थागत कमियों का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की समस्याओं का स्थायी समाधान केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए नागरिकों की सोच और व्यवहार में भी बदलाव आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नियमों के पालन, अनुशासन, संवेदनशीलता और जरूरतमंदों की सहायता जैसे संस्कार विकसित करें, ताकि बचपन से ही जिम्मेदार नागरिकता की नींव मजबूत हो। उन्होंने कहा कि गुड टच और बैड टच जैसी आवश्यक जानकारियों के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित बनाना भी शिक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका पहला कदम यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने शिक्षकों, संस्थाओं और नागरिकों से आह्वान किया कि यदि कोई बच्चा विद्यालय से बाहर दिखाई दे तो उसे शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में हजारों शिक्षकों के अथक परिश्रम और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उद्देश्य केवल बच्चों को विद्यालय तक पहुंचाना नहीं, बल्कि उन्हें विद्यालय से बेहतर सीख, समझ और क्षमताओं के साथ तैयार करना है।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए 10,417 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके साथ ही 613 विशेष शिक्षकों की भर्ती का भी प्रावधान किया गया है, ताकि विशेष आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सहयोग मिल सके।

स्वतंत्र भारद्वाज को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया

नई दिल्ली । दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने जंतर–मंतर पर प्रदर्शन के दौरान एक प्रदर्शनकारी के पिता पर हमला कर घायल करने के आरोपित स्वतंत्र भारद्वाज को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। स्वतंत्र भारद्वाज को एकदिन पूर्व 4 सितंबर को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से गिरफ्तार किया गया था। और आज पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया।

दिल्ली पुलिस ने आरोपित स्वतंत्र भारद्वाज को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया और पूछताछ के लिए हिरासत की मांग की। स्वतंत्र भारद्वाज की गिरफ्तारी तब हुई थी जब उसने एक पॉडकास्ट में इस बात को स्वीकार किया था कि उसने एक प्रदर्शनकारी छात्रा के पिता के सिर पर हमला किया।

इस पॉडकास्ट के बाद काकरोच जनता पार्टी और कुछ राजनीतिक दल के कार्यकताओं ने संसद मार्ग थाने पर प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब स्वतंत्र भारद्वाज ने खुद ही पॉडकास्ट पर आरोप कबूल किया है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। इस प्रदर्शन के बाद स्वतंत्र भारद्वाज को बुलंदशहर में गिरफ्तार किया गया था। स्वतंत्र भारद्वाज के खिलाफ पॉक्सो कानून और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

जंतर–मंतर पर प्रदर्शन के दौरान स्वतंत्र भारद्वाज की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हुईं थी। सीजेपी कार्यकर्ता निशु आजाद ने कहा कि पिछले कई दिनों से आरोपी के समर्थक उन्हें गालियां दे रहे थे और रेप की धमकियां दे रहे थे। निशु ने कहा कि सच बताऊं तो इतने दिनों से जो लोग मुझे गालियां दे रहे थे और रेप की धमकियां दे रहे थे। मैंने उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई है।

अब उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है और मुझे उम्मीद है कि पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इन धमकियों की वजह से उनकी जिंदगी पर गहरा असर पड़ा है। जिस तरह से ये लोग मुझे गालियां दे रहे थे, रेप की धमकियां दे रहे थे और मेरे अश्लील स्टिकर बना रहे थे, उसकी वजह से मुझे घर से बाहर निकलने में भी शर्म आ रही थी। इस घटना की वजह से डर के चलते मैं दो–तीन हफ्ते कॉलेज नहीं गई। और अब जब जाती हूं तो लगता है कि सब मुझे जज कर रहे हैं, बहुत बुरा लगता है।

alpex

ALPEX SOLAR LIMITED
CIN: L51909DL1993PLC171352
Registered Office: B-79, Shivalik Enclave, Near Malviya Nagar, New Delhi-110017, India
Email: info@alpex.in | **Website:** www.alpexsolar.com

33वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

कंपनीज एक्ट, 2013 (**'एक्ट'**) और उसके तहत बने नियमों, सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन्स, 2015 (**'लिस्टिंग रेगुलेशन्स'**) के सभी लागू प्रावधानों और मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ('MCA') और सिक्योरिटीज एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ('SEBI ') द्वारा जारी सभी लागू सर्कुलर्स के अनुसार, अल्पेक्स सोलर लिमिटेड ('कंपनी') के शेयरधारकों की 33वीं एनुअल जनरल मीटिंग ('AGM') मंगलवार, 29 सितंबर, 2026 को दोपहर 03.00 बजे IST पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('VC') / अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों ("OAVM") के जरिए आयोजित की जाएगी, ताकि AGM बुलाने के नोटिस में बताए गए कामकाज को पूरा किया जा सके।

AGM का नोटिस और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कंपनी की एनुअल रिपोर्ट उन शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से भेजी जाएगी जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(२) के पास रजिस्टर्ड हैं। जिन शेयरधारकों के ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(२) के पास रजिस्टर्ड नहीं हैं, उन्हें एक पत्र भेजा जाएगा जिसमें उस वेब-लिंक की जानकारी होगी जहाँ वित्तीय वर्ष 2025-26 की एनुअल रिपोर्ट उपलब्ध है। लागू MCA और रएइकसर्कुलर्स के तहत एनुअल रिपोर्ट की फिजिकल कॉपी भेजने की जरूरत को खत्म कर दिया गया है। हालाँकि, AGM के नोटिस और वित्तीय वर्ष 2025-26 की एनुअल रिपोर्ट की फिजिकल कॉपी उन शेयरधारकों को भेजी जाएगी जो nvestors@alpex.in पर अपना DP ID/Client ID बताते हुए खास तौर पर इसकी मांग करेंगे।

शेयरधारक ध्यान दें कि AGM का नोटिस और एनुअल रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट https://alpexsolar.com/, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट https://alpexsolar.com/, और सेंट्रल डिपॉजिटरी सिस्टम लिमिटेड ('CDSL') की वेबसाइट https://www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होंगे। जिन शेयरधारकों ने अपने ईमेल पते रजिस्टर/अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(२) के पास उन्हें रजिस्टर/अपडेट करें।

शेयरधारक केवल VC/OAVM सुविधा के जरिए ही AGM में शामिल हो सकते हैं और भाग ले सकते हैं। AGM में शामिल होने के निर्देश औरी–५ङ्ङ३ल्लें या AGM में वोट डालने की विस्तृत प्रक्रिया AGM के नोटिस में दी गई है। कंपनी अपने सभी शेयरधारकों को उऊ्रछ प्लेटफॉर्म के जरिएी-voting की सुविधा दे रही है, ताकि वे AGM के नोटिस में बताए गए सभी प्रस्तावों पर अपना वोट डाल सकें।

Alpex Solar Limited के लिए
हस्ताक्षर/-
साक्षी तोमर
कंपनी सेक्रेटरी और कंप्लायंस ऑफिसर
मेंबरशिप नंबर: अ48936

तारीख: 05 सितंबर, 2026
स्थान: ग्रेटर नोएडा

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2026

आगामी त्यौहारों के अवसर पर रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित करने का निर्णय लिया गया है:–

04209/04210 वाराणसी – दिल्ली जं – वाराणसी आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 50 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04209		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04210	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	22:15	वाराणसी	09:50	--
13:45	--	दिल्ली ज.	--	18:50

चलने के दिन: 04209 वाराणसी से प्रत्येक (शुक्रवार, सोमवार एवं बुधवार) को दिनांक 02.10.2026 से 27.11.2026 तक एवं 04210 दिल्ली जं से प्रत्येक (शनिवार, मंगलवार एवं गुरुवार) को दिनांक 03.10.2026 से 28.11.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: माँ बेल्हा देवी धाम, रायबरेली, लखनऊ, हरदोई, रामपुर, मुरादाबाद, गजरौला जंक्शन, हापुड़, गाजियाबाद और नई दिल्ली स्टेशन।

04213/04214 अयोध्या कैंट – आनन्द विहार टर्मिनल – अयोध्या कैंट आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 36 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04213		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04214	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	18:20	अयोध्या कैंट	22:00	--
06:10	--	आनन्द विहार टर्मिनल	--	09:00

चलने के दिन: 04213 अयोध्या कैंट से प्रत्येक (गुरुवार एवं रविवार) को दिनांक 01.10.2026 से 29.11.2026 तक एवं 04214 आनन्द विहार टर्मिनल से प्रत्येक (शुक्रवार एवं सोमवार) को दिनांक 02.10.2026 से 30.11.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: बाराबंकी, लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, अमरोहा, हापुड़ और गाजियाबाद स्टेशन।

04512/04511 चण्डीगढ़ – पटना जं – चण्डीगढ़ आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04512		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04511	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	23:35	चण्डीगढ़	21:40	--
21:15	--	पटना जं	--	23:15

चलने के दिन: 04512 चण्डीगढ़ से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 01.10.26 से 26.11.26 तक एवं 04511 पटना जं से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 02.10.26 से 27.11.26 तक।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: अम्बाला कैंट, सहारनपुर, रूड़की, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., सुल्तानपुर, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन।

04616/04615 फिरोज़पुर कैंट जं – पटना जं – फिरोज़पुर कैंट जं आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 16 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04616		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04615	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	12:00	फिरोज़पुर कैंट जं	23:55	--
18:35	--	पटना जं	--	20:20

चलने के दिन: 04616 फिरोज़पुर कैंट जं. से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 06.10.26 से 24.11.26 तक एवं 04615 पटना जं से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 07.10.26 से 25.11.26 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मोगा, लुधियाना, अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, रूड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर जं., हरदोई, बालामऊ जं., आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. जंघई जंक्शन, वाराणसी, पण्डित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, रघुनाथपुर, आरा और दानापुर स्टेशन।

02456/02455 नई दिल्ली – कानपुर सेंट्रल – नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 98 फेरे

रेलगाड़ी सं. 02456		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 02455	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	07:45	नई दिल्ली	20:20	--
13:15	--	कानपुर सेंट्रल	--	15:00

चलने के दिन: 02456 नई दिल्ली से एवं 02455 कानपुर सेंट्रल से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार व शनिवार को दिनांक 07.09.2026 से 30.11.2026 तक।
स्थान: 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
ठहराव: अलीगढ़ जं और इटावा स्टेशन।

04014/04013 आनन्द विहार टर्मिनल – लौकहा बाजार – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 150 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04014		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04013	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	15:40	आनन्द विहार टर्मिनल	03:15	--
20:15	--	लौकहा बाजार	--	21:30

चलने के दिन: 04014 आनन्द विहार टर्मिनल से प्रतिदिन दिनांक 16.09.26 से 29.11.26 तक एवं 04013 लौकहा बाजार से प्रतिदिन दिनांक 17.09.26 से 30.11.26 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, शिशो, सकरी जं., झंझारपुर जं. और वाचस्पति नगर स्टेशन।

04002/04001 हज़रत निज़ामुद्दीन जं – दादर – हज़रत निज़ामुद्दीन जं आरक्षित त्यौहार विशेष सुपरफास्ट एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04002		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04001	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	23:45	हज़रत निज़ामुद्दीन जं	21:35	--
22:40	--	दादर	--	00:15

चलने के दिन: 04002 हज़रत निज़ामुद्दीन जं से प्रत्येक मंगलवार दिनांक 13.10.2026 से 24.11.2026 तक एवं 04001 दादर से प्रत्येक गुरुवार, दिनांक 15.10.2026 से 26.11.2026 तक।
स्थान: प्रथम वाता. 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
ठहराव: कोसी कलां, मथुरा, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वापी और बोरीवली स्टेशन।

04227/04228 वाराणसी जं. – चण्डीगढ़ – वाराणसी जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 36 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04227		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04228	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	11:05	वाराणसी जं.	00:55	--
04:20	--	चण्डीगढ	--	06:00

चलने के दिन: 04227 वाराणसी जं. से प्रत्येक (गुरुवार एवं रविवार) को दिनांक 01.10.2026 से 29.11.2026 तक एवं 04228 चण्डीगढ़ से प्रत्येक (शुक्रवार एवं सोमवार) को दिनांक 02.10.2026 से 30.11.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: माँ बेल्हा देवी धाम, प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, रूड़की, सहारनपुर और अम्बाला कैंट जं. स्टेशन।

04008/04007 आनन्द विहार टर्मिनल – जोगबनी – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04008		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04007	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	08:30	आनन्द विहार टर्मिनल	03:00	--
15:00	--	जोगबनी	--	18:30

चलने के दिन: 04008 आनन्द विहार टर्मिनल से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 10.10.26 से 07.11.26 तक एवं 04007 जोगबनी से प्रत्येक रविवार को दिनांक 11.10.26 से 08.11.26 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया जं., अररिया कोर्ट और फारबिसगंज जं. स्टेशन।

04028/04027 आनन्द विहार टर्मिनल – मुज़फ्फरपुर जं – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 26 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04028		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04027	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	09:15	आनन्द विहार टर्मिनल	05:30	--
04:30	--	मुज़फ्फरपुर जं	--	06:15

चलने के दिन: 04028 आनन्द विहार टर्मिनल से प्रत्येक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को दिनांक 13.10.2026 से 24.11.2026 तक एवं 04027 मुज़फ्फरपुर जं से प्रत्येक (बुधवार एवं शनिवार) को दिनांक 14.10.2026 से 25.11.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: अमरोहा, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., छपरा, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन।

04010/04009 दिल्ली जं. – सीतामढ़ी – दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 12 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04010		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04009	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	23:05	दिल्ली जं.	20:30	--
23:30	--	सीतामढ़ी	--	00:45

चलने के दिन: 04010 दिल्ली जं. से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 15.10.2026 से 19.11.2026 तक एवं 04009 सीतामढ़ी से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 17.10.2026 से 21.11.2026 तक।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया स्टेशन।

02458/02457 आनन्द विहार टर्मिनल – कानपुर सेंट्रल – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित त्यौहार विशेष सुपरफास्ट एक्सप्रेस — 72 फेरे

रेलगाड़ी सं. 02458		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 02457	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	08:20	आनन्द विहार टर्मिनल	20:10	--
13:15	--	कानपुर सेंट्रल	--	15:00

चलने के दिन: 02458 आनन्द विहार टर्मिनल से एवं 02457 कानपुर सेंट्रल से प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार व रविवार को दिनांक 08.09.2026 से 29.11.2026 तक।
स्थान: 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
ठहराव: अलीगढ़ जं और इटावा स्टेशन।

04314/04313 योग नगरी ऋषिकेश – मुज़फ्फरपुर जं – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 18 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04314		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04313	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	15:20	योग नगरी ऋषिकेश	11:15	--
11:45	--	मुज़फ्फरपुर जं.	--	13:15

चलने के दिन: 04314 योग नगरी ऋषिकेश से प्रत्येक रविवार, दिनांक 04.10.2026 से 29.11.2026 तक एवं 04313 मुज़फ्फरपुर जं से प्रत्येक सोमवार, दिनांक 05.10.2026 से 30.11.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: हरिद्वार जंक्शन, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सीवान, छपरा, सोनपुर और हाजीपुर स्टेशन।

04096/04095 आनन्द विहार टर्मिनल – पाटलिपुत्र – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 120 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04096		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04095	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	00:05	आनन्द विहार टर्मिनल	21:30	--
23:00	--	पाटलिपुत्र	--	00:45

चलने के दिन: 04096 आनन्द विहार टर्मिनल से प्रतिदिन दिनांक 01.10.26 से 29.11.26 तक एवं 04095 पाटलिपुत्र से प्रतिदिन दिनांक 02.10.26 से 30.11.26 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी, गाजीपुर सिटी, फेफना, बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा जं. एवं दिघवारा स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ